## संक्षिप्त

### महंगाई के विरोध में किया प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** पेट्रोल,डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों तथा विकराल होती महंगाई के विरोध में उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के बी ब्लॉक के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को देहलीगेट चौराहे पर आनंदी स्मारक के बाहर केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।प्रदर्शन का नेतृत्व बी ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह ने किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आमजन पर बढ़ती महंगाई का विरोध जताया तथा पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ी हुई कीमतें तत्काल वापस लेने की मांग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार हर दो-तीन दिनों के अंतराल में पेट्रोल एवं डीजल के दामों में लगातार वृद्धि की जा रही है, उससे आम जनता,मध्यम वर्गीय परिवारों एवं गरीब वर्ग पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई के कारण लोगों का घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है।वक्ताओं ने कहा कि यदि यही स्थिति बनी रही तो आम आदमी का जीवन और अधिक संकटपूर्ण हो जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने सरकार से मांग की कि पेट्रोल, डीजल एवं गैस की बढ़ी हुई कीमतों को कम कर आमजन को महंगाई से राहत प्रदान की जाए।

### बंदी के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** जेल में कारापाल के साथ अभद्रता करने वाले बंदी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सत्येन्द्र कुमार पुत्र लक्ष्मण निवसी नयावास बसेड़ी धोलपुर हॉल कारापाल केन्द्रीय कारागृह उदयपुर ने बंदी शशी भारती पुत्र रामा भारती के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी ने जेंल से स्थानान्तरण कराने की रिपोर्ट दी थी।28 मई को जेल में ड्यूटी के दौरान इसको लेकर बातचीत करने के दौरान रिपोर्ट बुक का अवलोकर करने के दौरान आरोपी ने वर्दी खीच कर राजकार्य में बाधा की।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र में हुए सडक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मादड़ी से प्रतापनगर रोड़ पर टाटा शोरूम के सामने गुरूवार रात में डिवाईडर से बाईक टकराने पर घायल हुए लखपुरा पेंवार बिहार हाल भुवाणा (32) निवासी प्रीतम सिंह पुत्र सिकंदर सिंह को निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। प्रीतम सिंह मजदूरी करता था एवं रात में बाइक पर मादड़ी से प्रतापनगर की तरफ आ रहा था। जहां बीच रास्ते घटना स्थल पर हादसा हो गया। इस पर एएसआई सुरजमल मीणा ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### पानी में डूबे युवक का शव मिला

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के घंटाघर थाना क्षेत्र दूधतलाई में शुक्रवार सवेरे युवक को शव पानी में होने की सूचना मिलने पर एएसआई धमेन्द्रसिंह ने मौके पर पहुंच कर सिविल डिफेंस टीम की मदद से मृतक को बाहर निकाल शिनाख्तगी नहीं होने पर शव को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष ब्ल्यू धारीदार सफेद टीशर्ट पहने है।

### ऑनलाईन सट्टा खेलते पांच दबोचे

**उदयपुर, (कासं)।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देश पर गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर मदनपुरा गांव में हिस्ट्रीशिटर अरविन्द्र सिंह पाटिया के फार्म हाउस पर दबीश देकर अरविन्द्रसिंह पाटिया पुत्र भेरूसिंह, अंकित पुत्र भंवरलाल लौहार निवासी खेताखेड़ा, सूर्यप्रतापसिंह पुत्र शिवसिंह निवासी बापुनरग भीलवाड़ा, रमेशसिंह पुत्र नरपतसिंह मेघवाल निवासी केरिया चितलवाना जालौर, कमलेन्द्रगिरी पुत्र नक्षात्रगिरी गोस्वामी निवासी भीण्डर को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

### चोरी के मामले में बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** कुराबड़ थाना पुलिस ने चोरी के मामले में चार वर्ष से फरार पांच हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। पीडित राकेश जारोली ने रिपोर्ट दी कि मेरी बंबोरा कस्बे में सोने चांदी की दुकान है। 30 दिसंबर 2021 को में दुकान बंद घर चला गया। रात में अज्ञात चोरताला तोड़ कर सोने चांदी के जेवरात चुरा ले गए।

## जिला कलक्टर ने सुनी समस्याएं

**डूंगरपुर, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर भूमिगत जल स्तर में वृद्धि एवं जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने हेतु संचालित वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को पंचायत समिति साबला की ग्राम पंचायत पचलासा छोटा में जिला कलक्टर देशलदान की अध्यक्षता में गुरवार को जल रात्रि चौपाल आयोजित की गई।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पचलासा छोटा परिसर में आयोजित इस चौपाल में बडी संख्या में ग्रामीण अपनी परिवेदनाएं लेकर उपस्थित हुए। ग्रामीणों ने एक एक कर अपनी परिवेदनाएं जिला कलक्टर के समक्ष प्रस्तुत की। जिला कलक्टर ने सभी परिवेदनाओं को आत्मीयता एवं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त की तथा नियमानुसार शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला कलक्टर देशलदान ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जल बचाने और आने वाली पीढियों के भविष्य को सुरक्षित करने का सामूहिक प्रयास है। उन्होंने जल संरक्षण की विभिन्न विधियों, भूमिगत जल स्तर बढाने के उपायों तथा अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।ग्रामीणों द्वारा नियमित विद्युत आपूर्ति की मांग उठाए जाने पर जिला कलक्टर ने बताया कि क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु 22० केवी जीएसएस निर्माण कार्य प्रगति पर है।

# जनजाति प्रतिभाएं समाज की धरोहर : मंत्री बाबूलाल खराड़ी




उदयपुर के माणिक्यलाल आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को जनजाति गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

**उदयपुर, (कासं)।** जनजाति कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा मनाये जा रहे "जनजाति गरिमा उत्सव" के कार्यक्रमों की श्रृंखला में "जनजाति गौरव सम्मान" समारोह शुक्रवार को माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरआई) में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी के मुख्य आतिथ्य में हुई।

समारोह को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री खराड़ी ने जनजाति प्रतिभाओं को समाज की धरोहर बताते हुए इनके कार्यों से प्रेरणा लेने का आव्हान किया। खराड़ी ने सम्मानित होने वाले प्रतापगढ़ के संतोष कुमार मीणा के पॉली हाउस में संरक्षित खेती, फूल व मशरूम उत्पादन को सराहनीय कार्य बताते हुए जनजाति युवाओं को नौकरी के पीछे भागने की बजाय उन्नत खेती अपनाकर अपनी आय बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने जनजाति संस्कारों को सबके लिए अनुकरणीय बताते हुए अपनी जड़ों से जुड़े रहने की आवश्यकता जताई। खराड़ी ने लेक्रोस खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता महिला टीम कप्तान सुनीता मीणा व पुरुष टीम सदस्य मोहनलाल गमेती, कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में नवाचार हेतु सिरोही के गैनाराम, प्रतापगढ़ से संतोष कुमार मीणा व शांतिबाई, उद्यमिता क्षेत्र में प्रतापगढ़ की ममता मीणा, आजीविका क्षेत्र में सिरोही के सोमाराम, उदयपुर के सुरेन्द्र मीणा, जनजाति समाज को कुरीतियों व परम्परागत रूढ़ियों से मुक्त कराने की दिशा में सराहनीय प्रयास हेतु उदयपुर के डॉ. देवीलाल, बांसवाड़ा से रूपजी बारिया, सिरोही से थावराराम गरासिया व डूंगरपुर से मणिलाल देवतरा, रक्तदान हेतु युवाओं को प्रेरित करने हेतु उदयपुर के भुरीलाल खराड़ी तथा शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान तहसीलदार सेवा में चयनित भेराराम व कक्षा 12 कला वर्ग में 95 प्रतिशत अंक प्राप्तकर्ता गणेश कटारा तथा विज्ञान वर्ग में 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्तकर्ता जितेन्द्र निनामा को उपरना ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के छात्रावास निर्माण हेतु भूमि भेंटकर्ता भामाशाह ओम प्रकाश भील को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए टीएडी आयुक्त लक्ष्मीनारायण मंत्री ने जनजाति प्रतिभाओं को मुख्य धारा में लाकर राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आव्हान किया। उन्होंने जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा जनजाति समुदाय के कल्याण के लिए किए जा रहे विभागीय प्रयासों की जानकारी दी।

टी.आर.आई. निदेशक ओ.पी. जैन ने "जनजाति गरिमा उत्सव" माह के दौरान अब तक हुई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए 'जनजाति गौरव सम्मान' को जनजाति प्रतिभाओं की उपलब्धियों को समाज के सामने लाने का एक मंच बताया। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के आयुक्त लक्ष्मी नारायण मंत्री की सेवानिवृत्ति पर केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया। इसमें संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, टीआरआई निदेशक ओ.पी. जैन, सहायक आयुक्त के.के. खंडेलवाल, जतिन गांधी, दीपिका मेघवाल, उपविधि परामर्शी सीमा माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

## प्राध्यापक भर्ती परीक्षा कल से, 85 केंद्रों पर होगी परीक्षा

**उदयपुर,(कासं)।** राज.लोक सेवा आयोग की ओर से प्राध्यापक, कृषि प्राध्यापक एवं कोच भर्ती परीक्षा-2025 का आयोजन 31 मई से 5 जून तक किया जा रहा है। उदयपुर में जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक डॉ अमृता दुहन के निर्देशन में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले में कुल 85 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 37 राजकीय एवं 48 निजी विद्यालय शामिल हैं।

परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि आरपीएससी की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 31 मई को सुबह 10 बजे से 11.30 बजे तक प्रथम पारी में सामान्य ज्ञान ग्रुप-ए की परीक्षा होगी। इसमें सर्वाधिक 27,552 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

# पान केबिन से चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने पान के केबिनों से चोरी करने की वारदातों को खुलास करते हुए इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से बाईक बरामद की।

प्रकरण के अनुसार करणसिंह निवासी बडी ने रिपोर्ट दी कि मेरी पंचवटी में पान का केबिन है। 9 अप्रेल 26 रात में अज्ञात केबिन बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन दुकान पर पहुंचा तो ताले टूटें हुए एवं सामान गायब था। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा,पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव के सुपरविजन में हाथीपोल थानाधिकारी राजुदेवी के नेतृत्व में गठित दल ने मामले का खुलासा करते हुए भेरूलाल पुत्र प्रवीण मीणा व प्रकाश पुत्र सांगा मीणा निवासी पलोदड़ा सलुम्बर तथा अनिल खराड़ी पुत्र मन्नालाल खराड़ी निवासी लराठी को गिरफ्तार किया।

## बैठक आयोजित

**बांसवाड़ा, (निसं)।** श्री त्रिवेदी मेवाडा ब्राह्मण समाज पथोक चोखला कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक बाहुबली कॉलोनी स्थित समाज के छात्रावास में हुई। जिसमें आगामी 21 एवं 22 जून को उदयपुर में प्रस्तावित श्री त्रिवेदी मेवाडा ब्राह्मण समाज के भव्य भूमि पूजन समारोह और विशाल राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर चर्चा करते हुए रूपरेखा तैयार की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संयोजक भूपेन्द्र पण्डया ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उदयपुर में होने वाले इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अधिवेशन में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आ ान किया। उन्होंने बताया कि आज के आधुनिक युग में, श्री त्रिवेदी मेवाडा ब्राह्मण समाज न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में सफल हो रहा है। उन्होंने सभी से अपनी सामर्थ्य और श्रद्धा के अनुसार इस विराट आयोजन को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया ताकि यह समाज की एकजुटता और प्रगति का प्रतीक बन सके।

# जिला कारागृह के बंदियों ने तैयार किए 21 हजार सीड बॉल्स

**■ मानसून में चिह्नित स्थानों पर बिखेरे जाएंगे, बढ़ेगी हरियाली**

**राजसमन्द, (निसं)।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश अल्का शर्मा की प्रेरणा निर्देशन एवं नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित राजसमंद की दिशा में एक अभिनव प्रयास करते हुए जिला कारागृह राजसमंद के बंदियों द्वारा 21 हजार सीड बॉल्स तैयार किए गए हैं। इन सीड बॉल्स को आगामी मानसून के दौरान जिले के विभिन्न चिह्नित क्षेत्रों में बिखेरा जाएगा, जिससे अधिकाधिक वृक्षारोपण एवं हरियाली को बढावा मिल सके।

शुक्रवार को जिला एवं सेशन न्यायाधीश अल्का शर्मा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं एडीजे भारत भूषण पाठक, जिला न्यायालय प्रबंधक दीपक शर्मा ने जिला जेल पहुंचकर इस नवाचार से जुडी गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान जेलर हेमंत शर्मा ने उन्हें बंदियों द्वारा तैयार किए गए सीड बॉल्स का निरीक्षण कराया तथा पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी।

सीड बॉल्स वृक्षारोपण की एक प्राचीन लेकिन अत्यंत प्रभावी तकनीक है, जिसे सीड बॉम्बिंग के नाम से भी जाना जाता है। यह विशेष रूप से उन क्षेत्रों में उपयोगी मानी जाती है, जहां मानव पहुंच कठिन होती है। पहाडी क्षेत्रों, गहरी खाइयों अथवा पथरीले इलाकों में इन सीड बॉल्स को फेंककर आसानी से वृक्षारोपण किया जा सकता है। बारिश के संपर्क में आते ही इनमें मौजूद बीज अंकुरित होकर पौधों का रूप ले लेते हैं। उल्लेखनीय है कि सीड बॉल्स में मिट्टी एवं जैविक खाद का सुरक्षात्मक आवरण होने से बीज पक्षियों, कीटों एवं अन्य नुकसान से सुरक्षित रहते हैं। साथ ही इनमें मौजूद पोषक तत्व प्रारंभिक अंकुरण में सहायक होते हैं तथा मिट्टी का आवरण नमी को संरक्षित रखता है। यही कारण है कि इनकी जीवित रहने की संभावना सामान्य बीजारोपण की तुलना में अधिक होती है। पारंपरिक वृक्षारोपण की तुलना में यह तकनीक कम खर्चीली एवं कम रखरखाव वाली मानी जाती है। इसमें गडढे खोदने, सिंचाई एवं अन्य संसाधनों की आवश्यकता कम होती है तथा प्रकृति स्वयं इनका संरक्षण करती है। जिला एवं सेशन न्यायाधीश अल्का शर्मा के नेतृत्व में आगामी दिनों में पहली वर्षा के पश्चात् सीड बॉल्स बिखेरने का कार्य शुरू होगा।

## नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के धानमण्डी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उधार दी गई नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मुजफ्फर खान पुत्र अहमद खां निवासी छतरी वाला चौक धोलीबावड़ी ने अवाड़ा चौक धोली बावड़ी निवासी खुबीलाल पुत्र गणेशलाल सालवी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आवश्यकता होने पर आरोपी को 5 लाख रूपये उधार दिए थे। बदले में चैक दिया जो फर्जी था। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

# उदयपुर भूमि विकास बैंक में कांग्रेस के नागदा तीसरी बार बने अध्यक्ष

**उदयपुर, (कासं)।** शुक्रवार को उदयपुर भूमि विकास बैंक के चुनाव को लेकर बड़ा हंगामा हुआ। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव होने के बाद जैसे ही परिणाम की घोषणा करते समय बैंक के चैनल गेट के बाहर भाजपाई और पुलिस आमने.सामने हो गए और हंगामे के बीच धक्का.मुक्की तक हुई।

दोपहर सवा 3 बजे जैसे ही चुनाव अधिकारी ने कांग्रेस समर्थित मथुरेश नागदा को अध्यक्ष और करण सिंह को निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित किया तो

**■ पुलिस और भाजपाइयों के बीच हुई धक्का-मुक्की**




उदयपुर में भूमि विकास बैंक में हंगामे के बीच कांग्रेस के नागदा तीसरी बार अध्यक्ष बने।

कांग्रेस समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की और बाहर आतिशबाजी की। नागदा तीसरी बार बैंक के अध्यक्ष बने हैं।इससे पहले पुलिस ने बैंक को घेर लिया और चैनल गेट बंद कर दिया। अंदर संचालक मंडल के निर्वाचित सदस्य के अलावा किसी को भी प्रवेश नही दिया गया।इस दौरान डीएसपी सूर्यवीर सिंह राठौड़ और भूपालपुरा थानाधिकारी आदर्श कुमार ने मोर्चा संभाला।

इस बीच भाजपा की ओर से गेट के बाहर प्रदर्शन किया गया और अपनी आपत्ति पर जवाब मांगा और चुनाव स्थगित करने की बात दोहराई। इस दौरान डीएसपी ने समझाया कि हाईकोर्ट के आदेश और राज्य सरकार के दिशा.निर्देशानुसार चुनाव कराए जा रहे हैं। इस पर आपको कोई आपत्ति हो तो आप उच्च स्तर पर या कोर्ट में अपनी बात रख सकते है।समझाइश के बाद भी भाजपाई अड़े रहे। इस दौरान नारेबाजी कर रहे भाजपाई समर्थक आगे बढ़े तो पुलिस ने रोका लेकिन वे नहीमाने । इस दौरान धक्का.मुक्की हो गई। डीएसपी और सीआई के साथ जवानों ने रोका और हंगामे के बीच सबको चैनल गेट वाली सीढ़ियों से नीचे उतारा।

बाद में चुनाव अधिकारी विनोद कोठारी ने परिणाम घोषित किया और जैसे ही निर्वाचित अध्यक्ष मथुरेश नागदा बाहर आए तो कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनको मालाएं पहनाई और शुभकामनाएं दी। पूर्व देहात जिलाध्यक्ष लालसिंह झाला और पूर्व मंत्री डा.मांगीलाल गरासिया ने कहा कि ये जीत कांग्रेस की एकता से ही संभव हुई। नए अध्यक्ष मथुरेश नागदा ने कहा कि हाईकोर्ट में वे गए और उसी के आदेश पर ये चुनाव हुए। वे बोले कि संचालक मंडल का चुनाव हो गया और अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में ये आपत्तियां लगा रहे है जिसका कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि उनको तीसरी बार अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कहा कि वे किसानों के लिए पहले की तरह पूरी ताकत से काम करेंगे। इस दौरान झाला ने कहा कि बैंक के 12 डायरेक्टर में से 11 कांग्रेस समर्थित जीते और मात्र एक भाजपा का जीता है और वे किस बात का विरोध कर रहे है। झाला ने कहा कि आगे पंचायतीराज चुनाव में भी भाजपा का सफाया करेंगे।

भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष रेवाशंकर गायरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि जो चुनाव संचालक मंडल के चुनाव कराए वो नियमों के विपरीत है। इसमें गड़बड़ी की गई है इसलिए हमने आपत्ति लगाई। हमने विरोध किया लेकिन किसी ने सुना नहीं। इससे पहले सुबह अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने आज नामांकन दाखिल किया। इस दौरान भाजपा ने दोनों उम्मीदवारों पर सवाल खड़ा किया। कांग्रेस समर्थक भी वहां आ गए और दोनों पक्षों की ओर से जमकर हंगामा किया गया।

## सार-समाचार

### गुलाब सिंह शक्तावत की जयंती आज

**भीण्डर, (निसं)।** स्वतंत्रता सेनानी, मेवाड़ के वरिष्ठ जननेता एवं राजस्थान के पूर्व गृहमंत्री गुलाब सिंह शक्तावत की 97वीं जयंती शनिवार को श्रद्धांजलि के साथ मनाई जायेगी। इस अवसर पर भीण्डर के रामपोल बस स्टैण्ड स्थित प्रतिमा स्थल, उदयपुर के अशोकनगर मोक्षधाम स्थित निर्वाण स्थल तथा खेरोदा के गुलाबनगर स्थित प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया जाएगा। जयंती कार्यक्रम में पूर्व भीण्डर नगरपालिका अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह शक्तावत एवं पौत्र विंध्यराज सिंह शक्तावत के सानिध्य में क्षेत्रभर से कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सैकड़ों समर्थक शामिल होकर स्व. शक्तावत को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।30 मई 1929 को भीण्डर में जन्मे स्व. गुलाब सिंह शक्तावत ने युवावस्था से ही देश की आजादी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई।

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**कपासन, (निसं)।** पुलिस ने छह साल पुराने एक मामले में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। आरोपी लड़ाई-झगड़े के मामले में फरार था। पुलिस ने बताया-निंबाहेडा के मांगरोल गांव निवासी रणजीत बागरिया छह वर्ष पुराने एक लड़ाई-झगडे के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। कपासन पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और सूचनाएं इकट्ठा कर आरोपी की तलाश की, जिसके बाद उसे गिरफ्तार करने में सफलता मिली। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### गुलाब सागर झील का पानी 2-3 फीट खाली होगा

**कपासन, (निसं)।** नगर पालिका द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत गुलाब सागर झील के विकास एवं सौंदर्याकरण का काम तेजी से शुरू किया जा रहा है। इस परियोजना के प्रथम चरण में तकनीकी कार्यों के लिए झील के पानी के स्तर को केवल 2 से 3 फीट तक ही कम किया जाएगा। इन तकनीकी कार्यों में वॉक-वे निर्माण, स्टोन पिचिंग, घाट निर्माण और टो-वॉल का निर्माण शामिल है। यह जानकारी नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी (ईओ) खेमराज सिंह गुर्जर ने दी। अधिशाषी अधिकारी गुर्जर ने बताया कि अमृत 2.0 योजना के तहत गुलाब सागर झील के कायाकल्प और सौंदर्याकरण पर कुल 418.66 लाख रुपए की अनुमानित लागत आएगी। निर्माण कार्य को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए जलस्तर को थोड़ा कम करना आवश्यक है। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों और नगरवासियों से अपील की है कि झील को पूरी तरह खाली करने से संबंधित किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। ईओ गुर्जर ने नागरिकों से शहर के इस महत्वपूर्ण विकास कार्य में सकारात्मक भागीदारी और सहयोग बनाए रखने का अनुरोध किया।

### 5 लाख 33 हजार 614 लीटर वॉश नष्ट

**उदयपुर, (कासं)।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध मदिरा जब्त करते हुए वॉश नष्ट कर अभियोग दर्ज किए गए।आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देषन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत एक मई से 28 मई 2026 तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 1972 अभियोग दर्ज किए गए है। प्रदेश में देशी मदिरा 19 लाख 1103 रूपए लागत की 7044 लीटर, भारत निर्मित विदेशी मदिरा 3 करोड़ 90 लाख 32 हजार 219 रूपए की 38943 लीटर, बीयर 44 लाख 38 हजार 393 रूपए की 19743 लीटर, स्प्रिट 30 लीटर एवं हथकड़ शराब 13025 लीटर जब्त की गई है। इसी क्रम में वॉश 5 लाख 33 हजार 614 लीटर नष्ट किया गया है। प्रदेश में अभियान के दौरान बडे वाहन 7, हल्के चार पहिया वाहन 12, तिपहिया वाहन एक एवं दुपहिया वाहन 65 सहित 85 वाहन जब्त करते हुए 900 व्यक्तियों का गिरफ्तार किया गया है।

### साधना नागर को पीएचडी की उपाधि

**उदयपुर, (कासं)।** पैसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग में साधना नागर को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने 'उदयपुर के चयनित ग्रामीण क्षेत्रों में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का पोषण संबंधी मूल्यांकन' विषय पर शोध कार्य फैकल्टी ऑफ नर्सिंग के डीन प्रो. (डॉ.) के. सी. यादव के निर्देशन में पूर्ण किया। समारोह में पैसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. यू. एस. परिहार, रिसर्च डीन डॉ. आर. के. पालीवाल, डॉ. महाराज सिंह, डॉ. आशीष गोयल, डॉ. रोहिताश, डॉ. संजय नागदा, डॉ. सुनील जोशी सहित वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे।श्रीमती नागर ने बताया कि जीवन के पहले पाँच वर्ष शारीरिक, मानसिक और रोग प्रतिरोधक क्षमता के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। इस उम्र में कुपोषण का प्रभाव पूरे जीवन पर पड़ता है। आज का स्वस्थ बच्चा ही कल का स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक होगा। बच्चों के पोषण में निवेश देश के भविष्य के कार्यबल में निवेश है। इस शोध के निष्कर्ष सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लक्षित पोषण नीतियाँ बनाने, अभिभावकों को शिशु आहार एवं पूरक पोषण की सही जानकारी देने, नर्सिंग स्टाफ को ग्रोथ मॉनिटरिंग और कुपोषण की शुरुआती पहचान में मदद करने तथा भविष्य में और विस्तृत अध्ययन के लिए बेसलाइन डाटा उपलब्ध कराने में उपयोगी सिद्ध होंगे।


SRG HOUSING FINANCE LIMITED

**एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
CIN: L65922RJ1999PLC015440
321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)
दूरभाष : 0294-2412609, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com

**मांग पत्र अंतर्गत धारा 13(2) सरफेसी एक्ट 2002**

अधोहस्ताक्षरी, जो एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत निम्न ऋणी/सहऋणियों/बन्धककर्ता/जमानतियों को एक मांग पत्र उसमे उल्लेखित रकम जो नीचे दर्शायी गई है, उक्त मांग पत्र की तारीख से 60 दिवस के भीतर प्रतिदाय करने की ''मांग करने'' के लिए जारी किया था। अधोहस्ताक्षरी को इस बात का विश्वास है कि ऋणी/ सहऋणियों/ बन्धककर्ता/ जमानतियों द्वारा मांग पत्र की तामिल से बचा जा रहा है, इस कारण उक्त मांग पत्र की तामिल को प्रभावी करने हेतु उक्त मांग पत्र के घटकों को अखबार में प्रकाशित किया जा रहा है। ऋणी/सहऋणियों/बन्धककर्ता/जमानतियों को यह सूचना दी जाती है कि वे इस प्रकाशन से 60 दिवस के भीतर उक्तमांग पत्र में चाही गई दिनांक तक की राशि व अदायगी तक ब्याज, पेनल ब्याज, आदि अतिरिक्त कंपनी को अदा कर रसीद प्राप्त कर लेंवे। उक्त रकम की जानकारी आप कंपनी के अधिकारी से प्राप्त करके ऑनलाइन माध्यम से भी जमा करा सकते है। ऑनलाइन जमा करने के लिए आप कंपनी की वेबसाइट WWW.SRGHOUSING.COM पर जाकर अपने डेबिट/क्रेडिट/NEFT/RTGS/UPI के माध्यम से करा सकते है और सम्बंधित अधिकारी को इसकी जानकारी प्रदान करे। उक्त रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर ऋणी, सहऋणियों, बन्धककर्ता व उनके जमानतदारों को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बंधक रखी गयी सम्पति का कब्जा ले लिया जाएगा एवं अपने प्रतिभूति हित के प्रवर्तन हेतु उक्त अधिनियम की धारा 14 में वर्णित अधिकारों व अधिनियम के अन्य प्रावधानों का प्रयोग कर सकेगा। आपको अधिनियम की धारा 13(13) के तहत भी सूचित और आगाह किया जाता है की नीचे वर्णित बंधक संपत्ति को प्रेषक कंपनी से लिखित सहमती प्राप्त किये बगैर किसी अन्य को किसी भी रूप से अंतरित/हस्तांतरीत न करें। अधोहस्ताक्षरी उक्त बंधक रखी गयी सम्पति के उन्मोचन हेतु उपलब्ध समय के सम्बन्ध में उक्त एक्ट की धारा 13(8) की ओर ऋणी, सहऋणियों, बन्धककर्ता एवं जमानतियों का ध्यान आकृष्ट करता है।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या/ ऋणी/ सहऋणी/ जमानती | 1) माग पत्र की दिनांक 2) मांग राशि मांग पत्र अनुसार | स्थावर संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | HLR00000000015833 श्री रमेश चन्द्र मेनारिया पुत्र श्री मोहन लाल मेनारिया (ऋणी) श्रीमति कविता मेनारिया पत्नी श्री रमेश चन्द्र मेनारिया (सह-ऋणी) श्री रामनारायण मेनारिया पुत्र श्री उकार लाल मेनारिया (जमानती-2) | 1) मांग पत्र की दिनांक- अप्रैल 09, 2026 2) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 4,65,900/- अक्षरे रूपये चार लाख पैंसठ हजार नौ सौ मात्र दिनांक अप्रैल 09, 2026 तक एवं दिनांक अप्रैल 10, 2026 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्री रमेश चन्द्र मेनारिया पुत्र श्री मोहन लाल मेनारिया की संपत्ति जो कि पट्टा नं.-07, आराजी नं.-442, ग्राम- भातोली, ग्राम पंचायत-भातोली ब्राह्मिन, तहसील-बड़ी सादड़ी, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 2474.00 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है:- पूर्व- रास्ता +मकान, पश्चिम-रमेश का मकान, उत्तर-राम चन्द्र का मकान, दक्षिण- सोहन का मकान |
| 2 | HLR00000000018534 श्री विकास पाटीदार पुत्र श्री नरेश पाटीदार (ऋणी) श्री नरेश चन्द्र पुत्र श्री नाथू पाटीदार (सह-ऋणी-1) श्रीमती प्रेमिला पत्नी श्री नरेश (सह-ऋणी-2) श्री राकेश कुमार पाटीदार पुत्र श्री लालजी पाटीदार (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- मार्च 10, 2026 2) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 6,31,480/- अक्षरे रूपये छ लाख इकतीस हजार चार सौ अस्सी मात्र दिनांक मार्च 07, 2026 तक एवं दिनांक मार्च 08, 2026 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्री नरेश चन्द्र पुत्र श्री नाथू पाटीदार जो कि आराजी सर्वे नं.-1447, ग्राम- मदाल्दा, ग्राम पंचायत-मदाल्दा, तहसील-गढ़ी, जिला-बाँसवाड़ा (राज.) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1568.00 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-भोलेनाथ/ कुरिया रावल का मकान, पश्चिम-आम रास्ता, उत्तर-भरत/ नाथू पाटीदार का मकान, दक्षिण-सुखलाल/ नागजी पाटीदार का मकान |
| 3 | HLR00000000017908 श्री जीतेन्द्र मेघवाल पुत्र श्री राम लाल यादव (ऋणी) श्रीमती खुशबु यादव पुत्री श्री संजय यादव (सह-ऋणी) श्री अशोक यादव पुत्र श्री रमेश यादव (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- मार्च 08, 2026 2) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 5,87,610/- अक्षरे रूपये पांच लाख सतासी हजार छः सौ दस मात्र दिनांक मार्च 07, 2026 तक एवं दिनांक मार्च 08, 2026 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्री जीतेन्द्र मेघवाल पुत्र राम लाल मेघवाल की संपत्ति जो कि पट्टा नं.-260, बुक नं.-07, संकल्प नं.-01, दिनांक - 19-05-2022, ग्राम-कुपदा, तहसीलनं.-बाँसवाड़ा, जिला-बाँसवाड़ा (राज.) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 800.00 वर्ग फीट (88.89 वर्ग गज) है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व- किशन / रूपा का मकान, पश्चिम-40 फीट की सड़क आम रास्ता, उत्तर-गट्टू/ मांगीलाल डामोर का मकान, दक्षिण-30फीट के बाद नाहर |
| 4 | HLR00000000017782 श्री आकाश भाटिया पुत्र श्री ललित भाटिया (ऋणी) श्री ललित कुमार भाटिया पुत्र श्री पन्ना लाल जी (सह-ऋणी-1) श्रीमति कल्पना देवी पत्नी श्री ललित कुमार भाटिया (सह-ऋणी-2) श्री नरेश चंद्र भाटिया पुत्र श्री कन्हैया लाल भाटिया (जमानती) | 1) मांग पत्र की दिनांक- मार्च 07, 2026 2) मांग पत्र में अंकित राशि रु. 9,77,790/- अक्षरे रूपये नौ लाख सतहत्तर हजार सात सौ नबे मात्र दिनांक मार्च 07, 2026 तक एवं दिनांक मार्च 08, 2026 से भविष्य के ब्याज व खर्चे अतिरिक्त। | श्री ललित कुमार भाटिया पुत्र श्री पन्ना लाल जी की संपत्ति जो कि पट्टा नं.-5280, सर्वे नं.-740/01, संकल्प नं.- 02 (10-11-2021), ग्राम- भोदिया, ग्राम पंचायत-मद्लादा, तहसील-गढ़ी, जिला-बाँसवाड़ा (राज.) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 1500.00 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है:- पूर्व- स्वयं आँगन उसके बाद आम रास्ता, पश्चिम-स्वयं की बाड़ी, उत्तर- विनोद पन्ना लाल का मकान, दक्षिण- विनोद लालू राम का मकान |

स्थान- राजस्थान
प्रकाशन की दिनांक- 30/05/2026

**अधिकृत अधिकारी**
एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड